छठ महापर्व को लेकर जिला प्रशासन की सभी तैयारियां पूरी

बेगूसराय शि०प्र०(आससे)। आगामी १५ एवं १६ नवंबर को आयोजित होने वाले कार्तिक के सफल आयोजन, छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं की सुविधा तथा विधि-व्यवस्था संधारण को लेकर जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कल १५ नवंबर को प्रथम अर्घ्य अर्पित किया जाएगा। इस अवसर पर छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और सुचारू आवागमन सुनिश्चित करने के लिए जिला पदाधिकारी, रिची पाण्डेय के निर्देश पर व्यापक प्रशासनिक एवं सुरक्षा व्यवस्था की गई है।



गंगा एवं अन्य नदियों के घाटों, पोखरों, तालाबों तथा वहां तक पहुंचने वाले मार्गों पर आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने एवं तैयारियों की प्रभावी निगरानी के लिए जिला पदाधिकारी के आदेश के तहत जिला स्तरीय एवं अनुमंडल स्तरीय कोषांग का गठन किया गया है। जिला स्तरीय कोषांग में अपर समाहर्ता बृजकिशोर चौधरी को वरीय नोडल पदाधिकारी, वरीय उप समाहर्ता प्रियंका कुमारी को नोडल पदाधिकारी तथा सहायक आपदा प्रबंधन पदाधिकारी राजू कुमार को सहायक नोडल पदाधिकारी बनाया गया है। वहीं, अनुमंडल स्तर पर संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी को नोडल पदाधिकारी तथा भूमि सुधार उप समाहर्ता को सहायक नोडल पदाधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

रिची पाण्डेय द्वारा आज बलिया अनुमंडल अंतर्गत जिला परिषद पोखर का स्वयं निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने छठ घाट पर की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं सुचारू आवागमन के दृष्टिकोण से तैयारियों का अवलोकन किया।

गंगा घाट पर चेन स्नेचिंग करती तीन महिला गिरफ्तार

बछवाड़ा(आससे)। झमटिया गंगा घाट पर श्रद्धालुओं की भीड़ का फायदा उठाकर चेन स्नेचिंग और चोरी के आरोप में रंगेहाथ स्थानीय लोगों ने तीन महिलाओं को पड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। गिरफ्तार महिलाऐं समस्तीपुर जिला के कल्याणपुर थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गॉव निवासी ओम कुमार की पत्नी उषा देवी, लोहाराम की पत्नी शालू कुमारी, मोहन कुमार की पत्नी रेखा कुमारी को पुलिस पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत के माध्यम से जेल भेज दिया।

रेल ट्रैक के किनारे से अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद

बछवाड़ा(आससे)। थाना क्षेत्र के फतेहा के पास रेलवे ट्रैक के किनारे अज्ञात एक व्यक्ति का शव पुलिस ने बरामद किया। आशंका की जा रही है उक्त व्यक्ति किसी ट्रेन से गिर गया होगा। समाचार प्रेषण तक पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

बेगूसराय के प्रणव का शोधपत्र अंतरराष्ट्रीय न्यूरिप्स सम्मेलन में चयनित, बढ़ाया बिहार का मान

शाम्हों(आससे)। जिले के शाम्हो प्रखंड स्थित अकबरपुर बरारी पंचायत के युवा प्रणव कुमार ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन किया है। अमेरिका की प्रतिष्ठित पर्ड्यू यूनिवर्सिटी में शोध कर रहे प्रणव के सह-लेखन वाले शोधपत्र का चयन दुनिया के प्रमुख एआई सम्मेलनों में शामिल न्यूरिप्स के लिए हुआ है। प्रणव अकबरपुर बरारी पंचायत के मुखिया कन्हैया कुमार टन्नू और पैक्स अध्यक्ष नीतू देवी के इकलौते पुत्र हैं। उनकी प्रारंभिक शिक्षा बेगूसराय में हुई।



छठी कक्षा में उनका चयन सैनिक स्कूल में हुआ था। इसके बाद कोटा में रहकर उन्होंने ११वीं और १२वीं की पढ़ाई के साथ आईआईटी-जेईई की तैयारी की। अंतरराष्ट्रीय गणित ओलंपियाड की चयन प्रक्रिया में भी उन्होंने राष्ट्रीय स्तर तक अपनी प्रतिभा दिखाई।

पर्ड्यू यूनिवर्सिटी में प्रणव का शोध रोबोट को अधिक समझदार, सटीक और भरोसेमंद बनाने पर केंद्रित है। उनकी टीम एआई आधारित प्रणालियों में सुधार कर रोबोट की कार्यक्षमता बढ़ाने की दिशा में काम कर रही है। एक ग्रामीण परिवेश से निकलकर वैश्विक तकनीकी मंच पर पहचान बनाने वाले प्रणव की उपलब्धि से शाम्हो और बेगूसराय में खुशी का माहौल है।

जिला पदाधिकारी ने बलिया अनुमंडल अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया

बलिया(आससे)। जिला पदाधिकारी, बेगूसराय श्री रिची पांडेय द्वारा आज बलिया अनुमंडल अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, बलिया का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं, मरीजों के उपचार की व्यवस्था तथा अस्पताल के समग्र संचालन का जायजा लिया। इस क्रम में जिला पदाधिकारी ने अस्पताल में उपलब्ध दवाइयों के स्टॉक की जांच की। उन्होंने कंप्यूटर पर उपलब्ध डिजिटल रिकॉर्ड का अवलोकन करते हुए दवाओं की उपलब्धता एवं स्टॉक से संबंधित प्रविष्टियों की जांच की। जिला पदाधिकारी ने स्वास्थ्य केंद्र के विभिन्न वार्डों एवं परिसर का निरीक्षण करते हुए साफ-सफाई की स्थिति का जायजा लिया।

उन्होंने अस्पताल परिसर, मरीजों के प्रतीक्षालय एवं अन्य चिकित्सा कक्षों में स्वच्छता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में आने वाले मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा के साथ स्वच्छ एवं व्यवस्थित वातावरण उपलब्ध कराना आवश्यक है। आमजन को सुलभ, सुचारु एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी, बलिया अजय कुमार यादव सहित संबंधित पदाधिकारी एवं स्वास्थ्य केंद्र के कर्मी उपस्थित थे।

छठ महापर्व केवल आस्था का नहीं, त्याग, सामाजिक एकजुटता का भी प्रतीक

बेगूसराय शि०प्र०(आससे)। लोक आस्था के महापर्व छठ के अवसर पर सेवा, सहयोग और सामाजिक समरसता की भावना को मजबूत करते हुए टीम साईं की रसोई एवं श्री मंदिर के संयुक्त संयोजन में १०१ जरूरतमंद छठव्रती महिलाओं के बीच सूप, साड़ी सहित संपूर्ण छठ पूजन सामग्री का वितरण किया गया। इस पहल का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की छठव्रती महिलाओं को पर्व की खुशियों में सहभागी बनाना और उनके व्रत को श्रद्धा एवं सम्मान के साथ संपन्न कराने में सहयोग करना था।

कार्यक्रम के संयोजक खाद्य मंत्री पंकज कुमार, वैभव अग्रवाल, नितेश रंजन एवं अमित जायसवाल ने कहा कि छठ महापर्व केवल आस्था का पर्व नहीं, बल्कि त्याग, समर्पण, पवित्रता और सामाजिक एकजुटता का प्रतीक है। हमारा प्रयास है कि आर्थिक अभाव के कारण किसी भी छठव्रती महिला की आस्था और पर्व की खुशियों में कमी न आए।



समाज के सामूहिक सहयोग से जरूरतमंद परिवारों तक खुशियां पहुंचाना ही इस पहल की असली सार्थकता है। वहीं टीम के सदस्य राघव सिंह, प्रवीण कुमार, कुंदन गुप्ता एवं ज्ञान सिंह ने कहा कि सेवा का वास्तविक अर्थ तभी पूरा होता है, जब हम समाज के जरूरतमंद लोगों के सुख-दुख में उनके साथ खड़े हों। छठ जैसे पवित्र पर्व पर माताओं और बहनों के बीच पूजन सामग्री का वितरण करना हम सभी के लिए सौभाग्य और आत्मिक संतुष्टि का विषय है। इस अवसर पर सरिता सुल्तानिया, सुधा अग्रवाल एवं जगदम्बा कुमारी ने कहा कि छठव्रती महिलाओं के बीच पूजन सामग्री का वितरण एक सराहनीय पहल है। मंदिर के अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि श्री मंदिर और टीम साईं की रसोई का यह संयुक्त प्रयास सामाजिक सहयोग एवं सेवा भावना का सुंदर उदाहरण है।

मौके पर रसोई टीम के सदस्य अभिषेक, अंकित, सुमित, संतोष सोनी, प्रभाकर प्रताप सिंह, आहान गुप्ता, शुभ राज, सौम्या, विराट गुप्ता, विक्की भाटिया, अनुष्का वैष्णवी, आदिश अग्रवाल, अक्षय अग्रवाल, खुशबू अग्रवाल, प्रतिभा अग्रवाल, समीक्षा अग्रवाल, शुभम अग्रवाल, प्रशांत सहित अन्य सदस्य एवं सहयोगी उपस्थित थे।

प्रभारी वरीय उप समाहर्ता ने किया छठ घाट का निरीक्षण

छौड़ाही(आससे)। प्रखंड क्षेत्र में चार दिवसीय लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड में है। इसी क्रम में शनिवार को प्रभारी वरीय उप समाहर्ता नसीम कुमार निशांत ने छठ घाटों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मालपुर पंचायत के तालाब सहित प्रखंड के विभिन्न छठ घाटों का जायजा लिया। इस दौरान घाटों पर सुरक्षा, साफ-सफाई, बैरिकेडिंग, प्रकाश और गोताखोरों की व्यवस्था को लेकर



अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रिया कुमारी ने बताया कि प्रभारी वरीय उप समाहर्ता द्वारा घाटों पर बैरिकेडिंग, पर्याप्त लाइट, गोताखोर व नाव की व्यवस्था सुनिश्चित करने का सख्त निर्देश दिया गया है। साथ ही सभी घाटों पर खतरे वाले स्थानों को चिन्हित कर लाल झंडा लगाने को कहा गया है। मौके पर अंचल अधिकारी चंद्र प्रकाश पांडेय, थानाध्यक्ष परेंद्र कुमार, पंचायत मुखिया प्रतिनिधि सह पूर्व मुखिया विजय सिंह, ग्रामीण वीर बहादुर सिंह, राजकुमार सिंह, चिंकू सिंह, मुकेश सिंह, सुनील सिंह, पुनीलाल सिंह समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

छठ महापर्व को लेकर हर्ल टाउनशिप के अर्घ्य सरोवर को भव्य रूप से सजाया गया

बेगूसराय(आससे)। छठ महापर्व को लेकर वार्ड-२६ स्थित हर्ल टाउनशिप के अर्घ्य सरोवर को भव्य रूप से सजाया गया, श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा के व्यापक इंतजाम। बीहट रू लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के अवसर पर नगर परिषद बीहट द्वारा वार्ड संख्या-२६ स्थित हर्ल टाउनशिप के अर्घ्य सरोवर को भव्य एवं आकर्षक रूप से सजाया जा रहा है। छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं की सुविधा,स्वच्छता और सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए नगर परिषद द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई हैं। अर्घ्य सरोवर परिसर में आकर्षक प्रकाश व्यवस्था,



साफ-सफाई, साज-सज्जा, चेंजिंग रूम, गहरे पानी वाले स्थानों पर बैरिकेडिंग, अस्थायी शौचालय एवं पेयजल की व्यवस्था की गई है। वहीं, श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। सरोवर परिसर में आकर्षक प्रवेश द्वार का निर्माण किया गया है। इसके साथ ही फूलों एवं अबीर से सुंदर रंगोली भी बनाई जा रही है,जो घाट की सुंदरता को और आकर्षक बना रही है।

इन तमाम व्यवस्थाओं की सजग निगरानी नगर परिषद बीहट के कार्यपालक पदाधिकारी अवनीश कुमार, चेयरमैन बबीता देवी,उप चेयरमैन ऋषिकेश कुमार एवं वार्ड पार्षद नीलम देवी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं संबंधित पदाधिकारियों द्वारा लगातार की जा रही है, ताकि छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर कार्य एजेंसी के प्रबंधक राकेश कुमार ने कहा कि छठ महापर्व हमारी आस्था, परंपरा और लोक संस्कृति का महापर्व है।

पॉक्सो एक्ट के एक आरोपित को बलिया पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल

बलिया(आससे)। बलिया पुलिस ने शुक्रवार की रात पॉक्सो एक्ट के एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार आरोपित की पहचान थाना क्षेत्र के कमालपुर दियारा निवासी चंद्रदेव सिंह के पुत्र प्रिंस कुमार के रूप में की गई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार ने बताया कि आरोपित प्रिंस कुमार के विरुद्ध थाना कांड संख्या ४४/२५, दिनांक ७ फरवरी २०२५ के तहत पॉक्सो एक्ट में मामला दर्ज था। पुलिस ने शुक्रवार की रात उसे गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपित को शनिवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

बाल दिवस के अवसर पर बच्चों के बीच श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित

बेगूसराय(आससे)। बाल दिवस के अवसर पर जिले के सूजा पंचायत में युवा कांग्रेस की ओर से भव्य श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा कांग्रेस के पंचायत अध्यक्ष राम भरोस यादव ने की, जबकि कार्यक्रम का संयोजन युवा कांग्रेस के नेता मोहित सिंह ने किया।

कार्यक्रम की शुरुआत देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने चाचा नेहरू के आदर्शों, उनके विचारों और बच्चों के प्रति उनके स्नेह को याद किया। इसके बाद सैकड़ों बच्चों के बीच बिस्कुट और टॉफी का वितरण किया गया। इस मौके पर पंचायत अध्यक्ष राम भरोस यादव ने कहा कि पंडित नेहरू बच्चों को देश का भविष्य मानते थे।

संयोजक मोहित सिंह ने कहा कि युवा कांग्रेस हमेशा से बच्चों और युवाओं के हक की लड़ाई लड़ती आई है। कार्यक्रम में युवा कांग्रेस के दर्जनों कार्यकर्ता, अमित पासवान, बादल कुमार, सचिन कुमार, सुधांशु, अमृत कुमार, सहित पंचायत के गणमान्य लोग एवं सैकड़ों बच्चे उपस्थित रहे।

पूर्व रेलवे

निविदा संख्याः EL-MLDT-E-Tender-488, दिनांकः 10.11.2026। वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य), पूर्व रेलवे, मालदा टाउन, कार्यालय भवन, डाकघर-झालझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा प्रतिष्ठित, अनुभवी एवं वित्तीय रूप से सक्षम फर्मों/एजेंसियों/ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु खुली ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। **निविदा संख्याः EL-MLDT-E-Tender-488। कार्य का नामः** कैरिज एवं वैगन विभाग के अंतर्गत धरहरा, मालदा स्थित ओपीडी ब्लॉक के उन्नयन एवं नवीनीकरण तथा शयनशाला (डॉर्मिटरी) की व्यवस्था से संबंधित विद्युत कार्य। **निविदा का अनुमानित मूल्यः** ₹ 46,27,305.68; **धरोहर राशिः** ₹ 92,600.00; निविदा दस्तावेज का शुल्कः शून्य; **ई-निविदा जमा करने की अवधिः** 18.11.2026 से 02.12.2026 को 15:30 बजे तक। **वेबसाइट एवं सूचना पट्ट का विवरणः- वेबसाइटः www.ireps.gov.in,** सूचना पट्टः **वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य)/पूर्व रेलवे/कार्यालय/मालदा टाउन।** सभी निविदाकारों से अनुरोध है कि वे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध विस्तृत निविदा सूचना एवं संबंधित दस्तावेजों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर लें। किसी भी परिस्थिति में हस्तचालित अथवा ऑफलाइन निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। MLD-248/2026-27

निविदा सूचना निम्नलिखित वेबसाइटों पर भी उपलब्ध हैः www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in

हमें लाइक करें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

वर्गीकृत

नाम परिवर्तन

मैं, शादत शेख, पिता-मोजीब शेख, निवासी-नाजीरगंज, पो०-मठीला, थाना-कोरान सराय, जिला-बक्सर का निवासी हुँ, शपथ पत्र सं.-**3795,** दिनांक 10.11.2026 के अनुसार **शहादत शेख** के नाम से जाना जाऊँगा।

खोया-पाया

मैं, गौरी शंकर, पिता-स्व0 भागवान दास, निवासी-शहीद गेट डुमरॉव, पो0-थाना-डुमरॉव, जिला-बक्सर, राज्य, बिहार का स्थायी निवासी हूँ। मेरा आधार सं.-325991453281 है। आज से लगभग दो माह पूर्व घर से बक्सर जाने के क्रम में मेरा बैग बस में छुट गया था काफी खोजबीन किया परन्तु मेरा उक्त बैग मुझे नहीं मिला मेरे बैग में मेरे जमीन का कागज, जिसका खाता सं. 112 खेसरा सं. 411, 412, 413 रकबा 10.1571 डी0 का मूल कागजात था जो कि उक्त बैग के साथ ही खो गया है। **शपथ पत्र सं. 12602, दिनांक 12.10.26.**

खोया-पाया

मैं, मनोज कुमार सिंह, पिता-श्री राजेन्द्र प्रसाद सिंह, निवासी-ग्राम-महेशडीह, थाना-नेमदारगंज, जिला-नवादा में अपने पैतृक गाँव महेशडीह छुटटी पर आया हूँ वहीं पर **DGS COC Renewal Sticker** मुझे भारतीय डाक द्वारा प्राप्त हुआ था, मैं उस दस्तावेज को ग्राम महेशडीह से नेमदारगंज जाने के क्रम में कहीं गिर गया काफी खोजबीन किया लेकिन मेरा कागज नहीं मिल पाया।
INDOS No.-01LL1219, COC.No.-ETO-01452,CDC No.-Mum-92812.
सनहा सं. **S.D.E.no-259/26 07/11/26**

पाठकों से

'आज' में छपे किसी भी विज्ञापन के सम्बन्ध में पाठक स्वतः जांच करके कार्य करें। इसके संबंध में कोई भी दावा 'आज' प्रकाशन पर न होगा।
प्रबंधक

सीपीआई की शाम्हों अंचल परिषद की बैठक आयोजित

शाम्हों(आससे)। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) की शाम्हो अंचल परिषद की एक महत्वपूर्ण बैठक रामबदन यादव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य रूप से अंचल क्षेत्र में पार्टी के संगठनात्मक विस्तारीकरण तथा आगामी जनआंदोलनों की सफलता को लेकर ठोस रणनीति तैयार की गई। बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष रामबदन यादव और अंचल मंत्री अशोक प्रसाद सिंह ने पार्टी कार्यकर्ताओं को आगामी आंदोलनों को ऐतिहासिक बनाने के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए।

नेताओं ने कहा कि किसानों, मजदूरों और आम जनता के ज्वलंत मुद्दों को लेकर पार्टी चरणबद्ध संघर्ष करेगी, जिसमें शाम्हो अंचल से बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में लिए गए प्रमुख निर्णय एवं आगामी कार्यक्रमरून ' २६ नवंबर को किसान सभा का जिला मार्चरू किसानों की विभिन्न मांगों और समस्याओं को लेकर २६ नवंबर को अखिल भारतीय किसान सभा के नेतृत्व में आयोजित होने वाले जिला मार्च में शाम्हो अंचल से बड़ी संख्या में किसानों और कार्यकर्ताओं के शामिल होने का निर्णय लिया गया। ' १, २ और ३ दिसंबर को 'जेल भरा' आंदोलन जनविरोधी नीतियों और स्थानीय जनसमस्याओं के खिलाफ १ दिसंबर, २ दिसंबर और ३ दिसंबर को बेगूसराय जिला मुख्यालय में आयोजित होने वाले श्जेल भरोश कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील स्तर से जत्था भेजने की रूपरेखा तय की गई।

AFFIDAVIT

I, Ranjit Kumar Mishra, S/o Baidy Nath Mishra, R/o Village+P.O.-Chakhabib, P.S.-Bibhutipur, Distt.-Samastipur, Bihar do hereby declare that my name is mentioned in my son Ayush Anand's educational certificate as Ranjit Kumat Mishra which in wrong. As per Aadhar Card my correct name is Ranjit Kumar Mishra.

शपथ पत्र

मैं, अभिषेक, पिता-ईश्वर चन्द्र गुप्ता, निवासी-306, होली गंगा इन्क्लेभ, फेयर फिल्ड कॉलोनी संत पॉल स्कूल, दीघा, पो.+थाना-दीघा, जिला-पटना, बिहार-800012, शपथ पत्र सं.-535 दि. 13.11.26 द्वारा घोषणा करता हूं कि मेरे वर्तमान रिकार्ड एवं कागजातों में मेरा नाम अभिषेक दर्ज है। भविष्य के लिए अपने नाम में टाइटिल गुप्ता जोड़ कर अब अभिषेक गुप्ता के नाम से जाना व पहचाना जाऊंगा।

राहतपुर में डीएम रिची पांडेय ने खेत में चलाया हंसुआ, धान फसल कटनी प्रयोग का किया निरीक्षण

बलिया(आससे)। फसल कटनी प्रयोग में ३५.२६० किलोग्राम धान की उपज दर्ज, वैज्ञानिक तरीके से उत्पादन आकलन पर दिया जोर बलिया (बेगूसराय) कृषि वर्ष २०२६-२७ के अंतर्गत अगहनी धान फसल कटनी प्रयोग के दौरान शनिवार को बेगूसराय के जिला पदाधिकारी रिची पांडेय ने बलिया प्रखंड के राहतपुर पंचायत अंतर्गत राजस्व ग्राम राहतपुर में आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया।



इस दौरान डीएम ने स्वयं खेत में उतरकर हंसुआ चलाया और धान की फसल की कटनी की। फसल कटनी प्रयोग राजस्व ग्राम राहतपुर के थाना संख्या-५३५, खेसरा संख्या-८०५ एवं रैंडम संख्या-६६०० के तहत किसान विवेकानंद कुमार, पिता रामविलास सिंह के खेत में संपन्न कराया गया। इस दौरान जिला पदाधिकारी ने निर्धारित वैज्ञानिक मानकों के अनुरूप चिह्नित प्लॉट की मापी, धान की कटाई एवं दंवरी (थ्रेसिंग) की पूरी प्रक्रिया का बारीकी से निरीक्षण किया।

कटनी एवं दंवरी के उपरांत प्राप्त हरे धान का वजन ३५.२६० किलोग्राम दर्ज किया गया। डीएम ने संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को फसल कटनी प्रयोग की प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने तथा प्राप्त उपज का सही वजन दर्ज करने का निर्देश दिया। उन्होंने कृषि एवं सांख्यिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिले के सभी निर्धारित स्थलों पर फसल कटनी प्रयोग निर्धारित समय सीमा के भीतर निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं वैज्ञानिक मानकों के अनुरूप संपन्न कराया जाए, ताकि उपज का सटीक आंकड़ा प्राप्त हो सके। मौके पर बलिया के अनुमंडल पदाधिकारी अजय यादव, जिला कृषि पदाधिकारी बेगूसराय सहित जिला सांख्यिकी एवं कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मी तथा स्थानीय किसान उपस्थित रहे।

सरकारी वाहन से २५ कार्टन शराब बरामद, तीन गिरफ्तार

बेगूसराय(आससे)। जिला अंतर्गत लोहिया नगर थाना क्षेत्र में शराब तस्करी का अनोखा मामला प्रकाश में आया है, बिहार में पूर्ण शराबबंदी कानून लागू है, लेकिन शराब तस्कर पुलिस को चकमा देने के लिए नए-नए हथकंडे अपना रहे हैं। इस बार तस्करों ने शराब की खेप पहुंचाने के लिए भू-अर्जन पदाधिकारी बखरी के नाम लिखी लग्जरी गाड़ी का इस्तेमाल किया। गाड़ी पर डीएसीएलआर बखरी और जिला प्रशासन का बोर्ड लगा



था। लेकिन पुलिस की नजरों से तस्कर बच नहीं सके। दरअसल १३ नवंबर २०२६ शुक्रवार की रात लोहियानगर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना और तकनीकी सर्विलांस के आधार पर एनएच के समीप कार्रवाई करते हुए बीआर०६ पीए-२६०५ नंबर की गाड़ी से २५ पेटी यानी करीब २९६ लीटर शराब बरामद की। मौके से ड्राइवर प्रशांत कुमार समेत सत्यम कुमार और बिट्टू कुमार को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार ड्राइवर के मुताबिक शराब की खेप मोकामा से लाई जा रही थी, जिसकी डिलीवरी रजौड़ा में होनी थी। उसने यह भी बताया कि उक्त गाड़ी पहले डीसीएलआर बखरी के यहां किराये पर चलती थी। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

बड़ा सवाल यह है कि आखिर प्रशासनिक बोर्ड लगी इस गाड़ी का इस्तेमाल शराब तस्करी में कैसे होने लगा? पुलिस की इस कार्रवाई के बाद इलाके में हड़कंप मचा हुआ है।

S.K.M.R.D.B. INTER COLLEGE
Bhalui, Vaishali, Code-33409/33039

पत्रांक-22 **दिनांक 13.11.26**

(बिहार विद्यालय परीक्षा समिति उच्चतर माध्यमिक द्वारा अनुशंसित)

नियुक्ति विज्ञप्ति संख्या-01

निम्नलिखित पदों पर अस्थायी बहाली के लिए आवेदन आमंत्रित हैं- शिक्षक/व्याख्याता :- जन्तु विज्ञान एक पद, वनस्पति विज्ञान-एक, रसायन विज्ञान-एक, हिन्दी प्रथम एवं द्वितीय, उर्दू-एक, तर्कशास्त्र एक, समाज शास्त्र-एक, इतिहास द्वितीय पद-एक, संगीत-एक, कम्प्यूटर साइंस-एक, कुल पद-11, शिक्षकेत्तरकर्मी :- पुस्तकालय अध्यक्ष-एक पद, कार्यालय सहायक-चार पद, आदेशपाल-पांच, कुल-(10 पद), योग्यता: शिक्षक/व्याख्याता पदों के लिए उक्त विषय में स्नातकोत्तर पचपन प्रतिशत अंक के साथ पास होना अनिवार्य है। साथ ही साथ बी.एड/एमएड/कम्प्यूटर साइंस के लिए MCA पास होना चाहिए। पुस्तकालय अध्यक्ष के लिए B.LIS अथवा M.LIS अनिवार्य। कार्यालय सहायक के लिए स्नातक अनिवार्य तथा आदेशपाल के लिए इन्टर पास होना अनिवार्य है।

नोट : उपरोक्त सभी पदों के लिए आवश्यक प्रमाण-पत्रों के साथ आवेदन विज्ञापन प्रकाशन से 15 दिनों के अन्दर महाविद्यालय में स्वयं अथवा प्राचार्य के पास जमा किया जा सकता है। साक्षात्कार में उपस्थित होने के बाद कोई यात्रा भत्ता देय नहीं है। किसी भी जानकारी के लिए प्राचार्य के मोबाइल नंबर 9801102893 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

प्राचार्य

पूर्व रेलवे

सूचना संख्याः Sig_W_5_Policy, दिनांक 10.11.2026। वरिष्ठ मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, मालदा टाउन, कार्यालय भवन, डाकघर- झालझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु खुली ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं: **(i) ई-निविदा संख्याः MLDT_SNT_26-27_25_OT, दिनांक 10.11.2026। कार्य का नामः** (i)(A) अमृत भारत योजना के अंतर्गत जमालपुर, मुंगेर एवं सुल्तानगंज स्टेशनों के सॉफ्ट अपग्रेडेशन (चरण-I) के शेष कार्य (AEN/जमालपुर)। (B) अमृत भारत योजना के अंतर्गत साहिबगंज एवं शिवनारायणपुर स्टेशनों के सॉफ्ट अपग्रेडेशन (चरण-I) के शेष कार्य (AEN/साहिबगंज)। (C) अमृत भारत योजना के अंतर्गत सबौर, कहलगांव, बांका एवं गोड्डा स्टेशनों के सॉफ्ट अपग्रेडेशन (चरण-I) के शेष कार्य (AEN/भागलपुर)। (D) अमृत भारत योजना के अंतर्गत मालदा टाउन स्टेशन के सॉफ्ट अपग्रेडेशन (चरण-I) के शेष कार्य (AEN/मालदा टाउन)। (E) अमृत भारत योजना के अंतर्गत न्यू फरक्का, धूलियान गंगा एवं जंगीपुर स्टेशनों के सॉफ्ट अपग्रेडेशन (चरण-I) के शेष कार्य (AEN/ न्यू फरक्का)। (F) वरिष्ठ मंडल अभियंता/2 के अधीन बांका एवं हंसडीहा में फुट ओवर ब्रिज (FOB) शेड का प्रावधान तथा मौजूदा स्टील संरचनाओं जैसे लिफ्ट, एस्केलेटर, फुट ओवर ब्रिज (FOB), प्लेटफॉर्म शेड आदि का सुदृढ़ीकरण एवं उन्नयन। **निविदा की अनुमानित लागतः** ₹ 4,36,96,943.12; **धरोहर राशिः** ₹ 8,73,900.00; **(ii) ई-निविदा संख्याः MLDT_SNT_26-27_30_OT, दिनांक 10.11.2026। कार्य का नामः** मालदा मंडल के रायपुर, सबौर, लैलख ममलखा, घोघा, एकचारी, कहलगांव, न्यू फरक्का एवं बल्लालपुर (एमके-II) स्टेशनों पर स्थापित WESTRACE-VLM6 (सीमेंस निर्मित) आधारित इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली के लिए OEM/अधिकृत डीलर के माध्यम से 03 (तीन) वर्षों की व्यापक वार्षिक रखरखाव संविदा (CAMC), खुली निविदा के आधार पर। **निविदा की अनुमानित लागतः** ₹ 1,98,23,040.00; **धरोहर राशिः** ₹ 3,96,500.00; **ई-निविदा जमा करने की तिथि एवं समयः** दिनांक 16.11.2026 से 02.12.2026 को 11:00 बजे तक (दोनों निविदाओं के लिए)। **वेबसाइट एवं सूचना पट्टः-** वेबसाइटः **www.ireps.gov.in** सूचना पट्टः **वरिष्ठ मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता का कार्यालय, मंडल रेल प्रबंधक भवन, मालदा।** MLD-249/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइटों पर भी उपलब्ध है: www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in

हमें फॉलो करें: @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter